Frequently Asked Question (FAQ)

KYP (Digital Mitra) application Form

Q1: **क्या चयनित KYP केंद्र का पता बदला जा सकता है?**

उत्तरः चयनित **KYP** केंद्र के मौजूदा स्वीकृत पते के आधार पर आवेदन किया जाना चाहिए। उचित एवं वैध कारण होने पर पते में संशोधन किया जा सकता है, लेकिन किसी भी परिस्थिति में केंद्र के स्वीकृत ब्लॉक (Block) में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।

Q2 **केन्द्र कितने बैच का निर्माण कर सकते है?**

उत्तरः शुरूआत में केन्द्र दो बैच का निर्माण कर सकता है। लक्ष्य के अनुसार बैच की संख्या बढ़ाई जायेगी।

Q3 **एक बैच में अधिकतम कितने अभ्यर्थियों को नामांकित किया जा सकता है?**

उत्तरः केन्द्र आवश्यक आधारभूत संरचना (**infrastructure**) एवं उपकरण की उपलब्धता के अनुसार 20 अथवा 30 अभ्यर्थियों का बैच निर्माण कर सकता है।

Q4: **डिजिटल मित्र पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु अभ्यर्थी की न्यूनतम पात्रता क्या है?**

उत्तरः डिजिटल मित्र पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए अभ्यर्थी का कम से कम 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है तथा न्यूनतम 1.5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

Q5: **क्या हम पोर्टल पर पूर्व से पंजीकृत प्रशिक्षकों के अलावे नया LF/Trainer नियुक्त कर सकते हैं?**

उत्तरः हाँ। **BSDM** की प्राथमिकता ऐसे मौजूदा **Learning Facilitator** (**LF**) को देने की है फिर भी आवश्यकता होने पर प्रशिक्षण भागीदार पूर्व से पंजीकृत प्रशिक्षकों के अलावे प्रशिक्षकों को नियुक्त कर सकते हैं। उस स्थिति में **LF Code** रिक्त छोड़ा जा सकता है। नियुक्त सभी **Trainer** को **BSDM** द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर अनिवार्य **ToT** (**Training of Trainers**) पूरा करना होगा।

Q6: **बैच का निर्माण (Batch Creation) कैसे किया जाएगा?**

उत्तरः बैच का निर्माण BSDM द्वारा प्रत्येक माह किया जाएगा। अभ्यर्थियों का मोबिलाईजेशन प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा किया जायेगा एवं बिहार कौशल विकास मिशन इसमें आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा।

Q7: **क्या 15 वर्ष आयु के अभ्यर्थियों का प्लेसमेंट किया जा सकता है?**

उत्तरः प्लेसमेंट अनिवार्य नहीं है। यह सिर्फ प्लेसमेंट को प्रोत्साहित करने हेतु प्रावधान लाया गया है। 30 प्रतिशत प्लेसमेंट होने की स्थिति में केन्द्र स्वतः नवीनीकरण हेतु पात्र होगा। शेष केन्द्रों का नवीनीकरण समीक्षा के उपरान्त किया जायेगा।

THE CHILD AND ADOLESCENT LABOUR (PROHIBITION AND REGULATION) ACT, 1986 के अनुसार 15 वर्ष आयु के अभ्यर्थी प्लेसमेंट के लिए पात्र हैं। हालांकि, ऐसे अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के जोखिमपूर्ण (Hazardous) या खतरनाक कार्यस्थल को छोड़कर नियोजित किया जा सकता है।

Q8: **क्या Learning Facilitator (LF) ही Centre Coordinator बन सकता है? क्या प्रशिक्षण केंद्र का मालिक (Owner) भी LF की भूमिका निभा सकता है?**

उत्तरः हाँ। **Learning Facilitator** (**LF**) केन्द्र के **Centre Coordinator** की भूमिका भी निभा सकते हैं। इसी प्रकार, प्रशिक्षण केंद्र का मालिक (**Owner**) भी **LF** के रूप में कार्य कर सकता है, बशर्ते वह निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करता हो। ऐसी स्थिति में संबंधित विवरण आवेदन प्रपत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख करना अनिवार्य होगा।

Q9: **क्या शपथ–पत्र (Affidavit) के लिए ₹1000 के नोटरी स्टाम्प की आवश्यकता है?**

उत्तरः हाँ। शपथ–पत्र (Affidavit) ₹1000 के नोटरी स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यदि ₹1000 मूल्य का स्टाम्प पेपर उपलब्ध नहीं हो पा रहा हो तो ऐसी स्थिति में ₹500+₹500 मूल्य के दो स्टाम्प पेपर का उपयोग किया जा सकता है। हालांकि, कुल स्टाम्प मूल्य ₹1000 होना अनिवार्य है।

Q10: **आवेदन में किस प्रकार का बैंक खाता स्वीकार किया जाएगा?**

उत्तरः आवेदन में दिया गया बैंक खाता संस्था (**Company**), ट्रस्ट (**Trust**), सोसाइटी (**Society**) अथवा प्रोपराइटर (**Proprietor**) के नाम पर होना चाहिए। साथ ही, बैंक खाते से वही **PAN** संबद्ध (**Linked**) होना चाहिए जो आवेदन के लिए पात्र (**Eligible**) **PAN** के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

Q11: **क्या डिजिटल मित्र पाठ्यक्रम में OJT (On Job Training) अनिवार्य है?**

उत्तरः हाँ। डिजिटल मित्र पाठ्यक्रम के अंतर्गत **OJT** (**On Job Training**) अनिवार्य है। **OJT** हेतु संबंधित केन्द्रों द्वारा संस्थानों/संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर कराया जा सकता है। साथ ही **OJT** हेतु उपयुक्त स्थानों की पहचान करने में **BSDM** सहायता प्रदान करेगी। **OJT** सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा अन्य अनुमोदित संस्थानों/कार्यालयों में कराया जा सकता है। **OJT** से संबंधित विस्तृत दिशा–निर्देश समय–समय पर **BSDM** द्वारा साझा किए जाएंगे।

नोटः आवेदन की जांच एवं सत्यापन के दौरान विशेष परिस्थिति में ही अतिरिक्त दस्तावेज या अन्य जानकारी की मांग की जायेगी।